एक नजर में

## जनसुनवाई में अधिकारियों ने तत्परता से सुनी 103 आवेदकों की समस्याएं



**मंदसौर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने 103 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो। लोगों को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान आए विभिन्न प्रकरणों में त्वरित निर्देश जारी किए गए। साबाखेड़ा निवासी कमलाबाई ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटवाने के संबंध में आवेदन प्रस?तुत किया। जिस पर जनपद तहसीलदार मंदसौर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। रिंडा निवासी रामेश?वर ने रास?ता खुलवाने के संबंध में आवेदन प्रस?तुत किया। जिस पर तहसीलदार मंदसौर ग्रामीण को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। नगरी निवासी डालुराम ने अंत?योदय योजना का लाभ दिलवाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर सी. एम. ओ. नगरी को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में विविध प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।

## स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : विधायक सिसोदिया




**मंदसौर।** गरोठ विधायक चंदरसिंह सिसोदिया ने ग्राम चिकनिया में टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत आयोजित आयुष्मान आरोग्य शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए गए तथा ग्रामीणों को टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण जन को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी के सामूहिक प्रयासों से ही टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है। शिविर में आने वाले मरीजों के लिए उच्च स्तरीय एवं आधुनिक जांच सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। शिविर में एक्स-रे, सीबीनाट जांच, ब्लड टेस्ट, आरबीएस तथा एचआईवी जांच जैसी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। कार्यक्रम के दौरान टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित किए गए, ताकि उन्हें बेहतर पोषण मिल सके और वे शीघ्र स्वस्थ हो सकें। साथ ही उपस्थित सभी ग्रामवासियों को अपने क्षेत्र को टीबी मुक्त बनाने एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की शपथ भी दिलाई गई।

# कालाखेत बावड़ी पर चलाया स्वच्छता अभियान



**मंदसौर।** प्राचीन जल धरोहरों को सहेजने और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ गायत्री परिवार द्वारा कालाखेत बावड़ी पर एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जुटे श्रमदानियों ने दो घंटे तक कड़ा श्रमदान करके बावड़ी में फैली भारी गंदगी और कचरे को बाहर निकाला। लंबे समय से सफाई न होने के कारण बावड़ी का पानी दूषित हो चुका था और उससे बदबू आ रही थी, जिसे श्रमदानियों ने मिलकर साफ किया।

अभियान के दौरान जागरूक नागरिकों और श्रमदानियों ने कहा कि गायत्री परिवार साल 2011 से लगातार शहर में स्वच्छता अभियान चलाकर जागरूकता का संदेश दे रहा है। समय-समय पर विभिन्न सामाजिक संगठन भी इस पुनीत कार्य में अपना अमूल्य योगदान देते हैं। इस बार भी वर्क संस्था और सामाजिक कार्यकर्ता विनय दुबेला ने अपने साथियों के साथ पहुंचकर इस अभियान में पूरे उत्साह के साथ श्रमदान किया और भविष्य में भी गायत्री परिवार के साथ मिलकर इस कार्य को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

श्रमदानियों ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि जब तक स्वच्छता एक जन अभियान नहीं बनेगी, तब तक पूर्ण स्वच्छता संभव नहीं है। इसके लिए हर वर्ग को निष्ठा से प्रयास करने होंगे। सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ प्रशासन द्वारा चालानी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही शासन-प्रशासन से निवेदन किया गया कि वे इन कार्यों को अपने बजट में शामिल करें और हर साल गर्मी के महीनों (मई-जून) में वार्डों की बावड़ियों, पार्कों, तालाबों और नदी-नालों की अनिवार्य रूप से सफाई कराएं। यदि समय रहते इन प्राचीन बावड़ियों और जल स्रोतों को साफ नहीं किया गया, तो जल स्तर लगातार नीचे चला जाएगा, जिससे भविष्य में पानी का भारी संकट खड़ा हो जाएगा।

अभियान में शामिल हुईं महिला प्रतिनिधि निर्मला ने मोहल्लेवासियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जल को गंदा करना पाप की श्रेणी में आता है, और गंदगी होते हुए देखकर भी चुप रहना या न टोकना भी उस पाप का भागीदार बनने जैसा है। अगर साफ करने वाले दस और गंदगी फैलाने वाले हजार होंगे, तो शहर कभी स्वच्छ नहीं हो पाएगा। आने वाले समय में हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी, तभी पर्यावरण और जल संकट से बचा जा सकता है।

इस सराहनीय स्वच्छता अभियान में योग गुरु बंशीलाल टांक, रमेश सोनी, रोशन, ललित, बहन बाबेल, फिरोज हुसैन, जाफर भाई, उनेद, बहन निर्मला, परशुराम शर्मा, योगेशसिंह सोम और बंटी सहित कई गणमान्य नागरिकों व समाजसेवियों ने सक्रिय रूप से सहभागिता कर अपनी नागरिक जिम्मेदारियों को निभाया।

## नाम लेने मात्र से भगवान हो जाते हमारे ऋणी : स्वामी केशवानंद

**मंदसौर। पुरूषोत्तम (अधिक) मास के अवसर पर केशव सत्संग भवन, खानपुरा में पुरूषोत्तम (अधिक) मास के शुभ अवसर पर पूज्य पाद केशवनानंद जी महाराज चिन्मय मशीन आकोला ने नारद भक्ति सूत्र पर आधारित दिव्य प्रवचनों का आयोजन प्रात~8.30 बजे से 10 बजे तक हो रहा है।**

नारद भक्ति सूत्र का वाचन करते हुए मंगलवार को केशवनानंद जी महाराज चिन्मय मिशन आकोला ने बताया कि नारद मुनि बताते है कि इस सांसारिक दुनिया में सबसे उदार भगवान ही होते है वे कभी हमारा बुरा नहीं करते हमसे किसी प्रकार की कोई कामना नहीं करते। भगवान तो उनका नाम लेने मात्र से ही हमारे ऋ्णी हो जाते है इसलिए नारद भक्ति सूत्र में बताया गया है कि भगवान को भले पुष्प अर्पित मत करों, भोग मत लगाओं लेकिन नाम मात्र लेने से भगवान आपके ऋ्णी हो जाते है और स्वत~ हमारी मनोकामनाएं पूर्ण करने लगते है इसलिए भगवान का जप हमें निरंतर करना चाहिए।

धर्मसभा में स्वामी जी ने बताया कि भगवान का नाम लेने मात्र से ही हमारे कष्ट, दुख दूर होने लगते है बस आवश्यकता है तो बस विश्वास और भक्ति की आप अपने आप को भगवान को समर्पित कर दो फिर देखों आपकी जिम्मेदारी भगवान की हो जायेगी। भगवान के गुणों को याद करों यह विचार करो कि भगवान भक्त की समस्याओं को दूर करने के लिए क्या-क्या करते हैं उनकी लिलाओं को सुनो इससे आपकी भगवान में रूची ब?गी और भक्ति मजबूत होगी। स्वामी जी ने बताया कि भगवान को जानने के लिए सत्संग करों महापुरूषों का सानिध्य प्राप्त करों इससे आपको भगवान को समझने में मदद मिलेगी और भक्ति बढेगी। नारद मुनि भी दासी पुत्र थे लेकिन उस समय संतों का सानिध्य मिला और मन को भगवान में लगाया तो अगले जन्म में देवर्षि नारद बने इसलिए सत्संग करों क्योंकि हमारे जीवन में सत्संग का बहुत महत्व है।



## जल गंगा अभियान में चौपाल बैठक

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा दशमी के पावन पर्व पर पारेश्वर युवा ग्राम विकास समिति नौगांवा सेक्टर रेवास देवड़ा क्रमांक 5 विकासखंड व जिला ग्राम विकास प्रस्फुटन गुजरदा और नवांकुर सखियों आमजन के सहयोग से बालाजी मंदिर परिसर में कुआं जल स्रोत के आसपास साफ सफाई कर पूजन के पश्चात कलश यात्रा का शुभारंभ ढोल और जयकारों के साथ किया गया। कलश यात्रा शीतला माता मंदिर परिसर पर संपन्न हुई। कलश शीतला माता पर चढ़ाया गया और पूजन अर्चना की गई। तत्पश्चात बैठक चैपाल कार्यक्रम किया गया। चैपाल कार्यक्रम में नवांकुर संस्था अध्यक्ष द्वारा ब?ते जल संकट एवं भीषण गर्मी से बचाव हेतु पानी को बचाना एवं अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने हेतु प्रेरित किया गया। और परामर्शदाता अनिल सुमन ने अभियान के बारे में जानकारी दी।

एक नजर | बूथ बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का होगा सामूहिक श्रवण

# मंदसौर जिले में 31 मई को प्रत्येक बूथ पर भाजपा की बैठक

**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में जिले के समस्त मंडलों के 179 भाजपा संगठनात्मक शक्तिकेंद्रो पर दिनांक 23, 24 व 25 मई में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठकों में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने, 31 मई को प्रत्येक बूथ पर बैठक सम्पन्न कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन कि बात कार्यक्रम का सामुहिक श्रवण करने हेतु, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

सम्पन्न हुये शक्ति केन्द्र की बैठकों में जिला महामंत्रीगण शिवराजसिंह राणा, विजय सुराना एवं महेश जुनवाल, जिला उपाध्यक्षगण विनय दुबेला, जितेन्द्र सिंह चौहान, गौरव अग्रवाल, रेखा मांदलिया, जीवन शर्मा, सुनिल जैन एवं हितेश शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष प्रितेश चावला एवं जिला सह कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता, जिला मंत्रीगण रामसिंह चौहान, पुलकित पटवा, सुशीला राठौर, दुर्गा डॉ. दयाल रावत, जगदीश गुर्जर, रानू भावसार, रिन्कू गौतम एवं अर्जुन सोनी, जिला कार्यालय मंत्री अंकित सोनी एवं जिला सह कार्यालय मंत्री राजकुमार गौ?, जिला कार्यालय प्रभारी भाजपा पारस मावर, जिला प्रभारी निर्वाचन संबंधित कार्य जानकारी हेतु हिम्मत डांगी, जिला प्रभारी मन की बात कार्यक्रम राजेश नामदेव एवं जिला सह प्रभारी मन की बात कार्यक्रम राहुल मुजावदिया, जिला सह कार्यालय प्रभारी भाजपा पुरूषोत्तम (पप्पु) चंदवानी एवं धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निलेश जैन एवं जिला सह मीडिया प्रभारी भाजपा जितेन्द्र शर्मा, जिला संयोजक सोशल मीडिया इंद्रजीत भट्ट एवं जिला संयोजक आईटी विभाग दिनेश सोलंकी, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी, चंद्रप्रकाश पण्डा, श्यामसिंह चौहान, दयाल रावत, बलवंत सिंह पंवार, अशोक सूर्यवंशी, विक्रमसिंह महुआ, ओमप्रकाश परमार, विकास सुराना, चंद्रशेखर मंडलोई, नरेन्द्र पाटीदार एवं जगदीश परमार, भाजपा मण्डल अध्यक्षगण भैसोदा में उमेश पाटीदार, भानपुरा में आदित्य मंगरोलिया, गरोठ में गोकुलसिंह चौहान, खडावदा में सीताराम चारण, मेलखे?ा में महेन्द्र पहाडिया, शामग? में नीलकमल मेहता, सुवासरा में दिलीपसिंह तरनोद, बसई में जुझारसिंह गुर्जर, सीतामऊ ग्रामीण में धनसूख पाटीदार, सीतामऊ में जितेंद्र बामनिया, कयामपुर में महेन्द्रसिंह गौड़, मन्दसौर उत्तर में अरविंद सारस्वत एवं मन्दसौर दक्षिण में विनोद डगवार ने मार्गदर्शन देते हुये कहा कि हमें आज इस बैठक के माध्यम से 31 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन कि बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर सार्वजनिक श्रवण करने कि कार्य योजना बनाना हैं।

## नीमच

एक नजर में

## पेयजल स्रोतों की शुद्धता की जांच शुरू, नपा ने लिए सैंपल लैब भेजी जाएगी रिपोर्ट, शहरभर में चलेगा अभियान



**नीमच।** सीएम डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर पूरे मध्य प्रदेश में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' चलाया जा रहा है। इसी के तहत नीमच नगर पालिका भी पेयजल स्रोतों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय हो गई है। सीएमओ दुर्गा बामनिया के निर्देशों पर मंगलवार को नगर पालिका की पेयजल शाखा की टीम वार्ड नंबर 28 स्थित हुडको कॉलोनी पहुंची। टीम ने घरों और सार्वजनिक जलस्रोतों से पानी के सैंपल लिए। मौके पर ही पानी का टीडीएस, क्लोरीन की मात्रा और बैक्टीरिया की शुरुआती जांच की गई। यह अभियान शहर के सभी इलाकों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। पेयजल शाखा के सुरेश पवार ने अपनी टीम के साथ यह कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि मौके पर जांच के अलावा, इन सैंपल्स को विस्तृत रिपोर्ट के लिए प्रयोगशाला भी भेजा जाएगा, ताकि पानी की गुणवत्ता का सटीक आकलन हो सके। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार, यह अभियान सिर्फ एक वार्ड तक सीमित नहीं रहेगा। आने वाले दिनों में शहर के अन्य सभी वार्डों और जलस्रोतों पर भी पानी की सैंपलिंग और जांच लगातार जारी रहेगी, जिससे शहरवासियों को दूषित पानी की समस्या से बचाया जा सके।

## मल्टी टास्क स्टाफ को 3 माह से वेतन नहीं, कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट घेरा, नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**नीमच।** जिले के शासकीय चिकित्सालयों में कार्यरत मल्टी टास्क स्टाफ कर्मचारियों ने तीन माह से वेतन न मिलने पर विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार को बड़ी संख्या में कर्मचारी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें जिले के दूर-दराज के अस्पतालों में सेवाएं देनी पड़ती हैं। वेतन न मिलने के कारण उन्हें महंगाई के दौर में आने-जाने का खर्च भी अपनी जेब से उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि हर महीने की 1 से 10 तारीख के बीच वेतन का भुगतान अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। ज्ञापन में कर्मचारियों ने उल्लेख किया कि वे जनवरी माह से मल्टी टास्क स्टाफ के रूप में निरंतर सेवाएं दे रहे हैं। लगभग पांच महीनों के सेवाकाल में उन्हें अब तक केवल एक ही महीने का वेतन मिला है, जबकि पिछले तीन महीने का वेतन बकाया है। कर्मचारियों ने पहले भी जिला प्रशासन की जनसुनवाई में आवेदन दिया था, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनका बकाया तीन माह का वेतन शीघ्र जारी नहीं किया गया और हर महीने 10 तारीख तक वेतन देने की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# गर्भवती महिलाओं की जांच में लापरवाही पड़ी भारी

- सीएचसी जीरन के दो लैब टेक्निशियन निलंबित
- स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को नोटिस जारी, बिना जांच रिपोर्ट देने पर कार्रवाई की गई
- कलेक्टर ने कहा गर्भस्थ शिशु-माता की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं



**नीमच।** प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत आयोजित शिविर में गर्भवती महिलाओं की जांच में घोर लापरवाही बरतने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जीरन के लैब टेक्नीशियन श्री अंकित शर्मा एव लीना सिंघाड़िया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने यह आदेश जारी किया है।

शिविर में आई गर्भवती महिलाओं की यूरिन ब्लड शुगर एवं एल्बुमिन की जांच बिना किए ही रिपोर्ट जारी कर दी गई। शासकीय सप्लाई के यूरिन एल्बुमिन स्ट्रीप का उपयोग न करने से हितग्राही को शुगर एवं एल्बुमिन का सही तथ्य नहीं मिल सका। इससे भविष्य में सही उपचार नहीं हो सकता, जिससे गर्भस्थ शिशु तथा गर्भवती माता का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। गर्भस्थ शिशु की मृत्यु होना एवं गर्भवती की मृत्यु होना भी संभावित है।

मरीज के परिजन द्वारा वीडियो बनाने पर संबंधित लैब टेक्नीशियन द्वारा आनन-फानन में यूरिन सैंपलों में स्ट्रीप्स डाली गईं।

उक्त कृत्य को कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता मानते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9(1) के अंतर्गत श्री अंकित शर्मा, लैब टेक्नीशियन, सीएचसी जीरन और लीना सिंगाड़िया को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

निलंबन अवधि में मुख्यालय: निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिंगोली जिला नीमच निर्धारित किया गया है। सरकार की निलंबन अवधि के दौरान इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा यह जानकारी डॉक्टर दिनेश प्रसाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नीमच ने दी है।

**ये है मामला**

25मई को सीएचसी जीरन में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया था। पालसोड़ा निवासी श्रीमती रीना राठौर के पति श्री अनिल राठौर ने लिखित शिकायत दर्ज कराई कि लैब टेक्नीशियन श्री अंकित शर्मा एवं श्रीमती लीना सिंघाड़िया द्वारा यूरिन ब्लड शुगर एवं एल्बुमिन की जांच किए बिना ही रिपोर्ट दे दी गई। परिजनों द्वारा बनाए गए वीडियो में भी 'यूरिन सैंपल स्टैंड पर ही रखे रहे और मिनटों में रिपोर्ट बनाकर सौंप दी गई' यह स्पष्ट हुआ। मामले में मीडिया में भी न्यूज का प्रकाशन किया जा चुका है।

## 31 मई से शुरू होगी श्रीमद् भागवत कथा सजेगा चमत्कारी दिव्य दरबार

- नीमच में धार्मिक अनुष्ठानों की धूम

**नीमच। पुरुषोत्तम मास में ग्वालियर चम्बल परिवार एवं समस्त नीमच की धर्मप्रेमी जनता के सौजन्य से की ओर से संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ 31 मई से शुरू होगा। शहर के स्कीम नं. 36/ए, कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आगामी 31 मई से एक भव्य धार्मिक महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इस महोत्सव के अंतर्गत श्रीमद् भागवत कथा, चमत्कारी दिव्य दरबार और दैनिक हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अंचल के हजारों श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद है।**

श्रीमद् भागवत कथा में मुख्य आकर्षण और कार्यक्रम विवरण अनुसार 31 मई से 06 जून 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6:00 बजे तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन अनन्या शर्मा द्वारा किया जाएगा। 04 से 06 जून 2026 तक श्री श्री 1008 श्री महामंडलेश्वर हरिओम दास जी महाराज के सानिध्य में 'श्री भुमिया सरकार' का चमत्कारी दिव्य दरबार सजेगा। 01 जून से 06 जून (शनिवार) तक प्रतिदिन प्रातः 08:00 बजे से यज्ञ-हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विश्व कल्याण की कामना से आहुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम का समापन रविवार, 07 जून 2026 को दोपहर 3:00 बजे से पूर्णाहुति और विशाल महा प्रसादी (भंडारे) के साथ होगा, जो प्रभु इच्छा तक अनवरत जारी रहेगी।

**भव्य कलश यात्रा से होगा शुभारंभ**

धार्मिक महोत्सव का भव्य शुभारंभ रविवार, 31 मई 2026 को प्रातः 08:00 बजे आकर्षक कलश यात्रा के साथ होगा। पारंपरिक वेशभूषा में श्रद्धालु मंगल कलश धारण कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना के साथ निकलेंगे।

एक नजर | लोकायुक्त कार्रवाई में जनप्रतिनिधि का भ्रष्टाचार सिद्ध

# एक्शन नहीं होने से नाराज कांग्रेस नेता ने कलेक्टर को सौंपा नागरिकता त्याग पत्र

**नीमच।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला। सिंगोली क्षेत्र के कांग्रेस नेता पंकज तिवारी ने मंगलवार को जिला कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान अपनी 'नागरिकता से त्याग पत्र' का आवेदन कलेक्टर को सौंपा। उन्होंने यह कदम भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई न होने के विरोध में उठाया।

तिवारी ने अपने साथी कांग्रेसजनों के साथ मिलकर कलेक्टर को एक ज्ञापन भी सौंपा। इसमें उन्होंने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 का हवाला देते हुए अपने संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों के तहत नागरिकता हस्तांतरण या नागरिकता से त्याग पत्र स्वीकार करने का अनुरोध किया।

कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन के समक्ष दो गंभीर मामले उठाए। पहला मामला जावद जनपद से संबंधित है, जहां के जनपद अध्यक्ष गोपाल चारण को लगभग तीन साल पहले लोकायुक्त टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा था। इस बड़ी कार्रवाई के बावजूद उन्हें आज तक जनपद अध्यक्ष के पद से नहीं हटाया गया है।

दूसरा मामला सिंगोली तहसील की थड़ोद ग्राम पंचायत का है। यहां सरपंच और सचिव पर सरकारी राशि के गबन और भारी भ्रष्टाचार का आरोप है। शिकायत के बाद कलेक्टर द्वारा करवाई गई जांच में भ्रष्टाचार और आर्थिक अनियमितताओं की पुष्टि भी हो चुकी है। हालांकि, इसके बावजूद दोषी सरपंच और सचिव को न तो पद से हटाया गया है और न ही उनके खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज की गई है।



कांग्रेस नेता पंकज तिवारी ने कहा कि लोकायुक्त प्रकरण और प्रशासनिक जांच में भ्रष्टाचार सिद्ध होने के बावजूद संबंधित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का लगातार पद पर बने रहना चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी राशि के गबन जैसे गंभीर मामलों में कठोर कार्रवाई न होना संवैधानिक व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सवाल खड़ा करता है।

तिवारी के अनुसार, ऐसी ढीली प्रशासनिक व्यवस्था के कारण आम जनता का शासन, प्रशासन और कानून व्यवस्था से विश्वास खत्म हो रहा है। उन्होंने मांग की कि जब तक भ्रष्टाचार में संलिप्त दोनों जनप्रतिनिधियों पर निष्पक्ष, सख्त और पारदर्शी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक जनता का संविधान में भरोसा स्थापित होना कठिन है। उन्होंने इसी लचर व्यवस्था के खिलाफ सांकेतिक विरोध स्वरूप यह कदम उठाया है।

एफआईआर दर्ज करने की मांग

कांग्रेसजनों ने कलेक्टर से मांग की है कि जावद जनपद अध्यक्ष गोपाल चारण को तुरंत पद से बर्खास्त किया जाए और थड़ोद पंचायत के सरपंच-सचिव को पंचायत अधिनियम की धारा 40 के तहत हटाकर उनके खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। इसके साथ ही इन पदों पर निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से दोबारा चुनाव करवाए जाएं ताकि आम जनता का लोकतंत्र पर विश्वास बना रहे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को दो टूक चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इन दोनों मामलों में दोषियों को हटाकर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो आगामी दिनों में कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।